संपादकीय

# खतरनाक मंसूबे

रूस व यूक्रेन के संघर्ष के दौरान अंतर्राष्ट्रीय नियामक संस्थाओं व विश्व बिरादरी की लाचारगी के बीच चीन के रक्षा बजट में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। कहीं न कहीं चीन के मन में यह विचार जरूर होगा कि विश्व बिरादरी जब रूस की आक्रामकता पर अंकुश नहीं लगा पायी तो उसे रोकना भी मुश्किल होगा, क्योंकि वह आज विश्व की बड़ी आर्थिक ताकत है। वहीं चीन में दुनिया की सबसे बड़ी आबादी का होना, उसकी अतिरिक्त शक्ति भी है। यूं तो चीन लगातार सात सालों से अपने रक्षा बजट में वृद्धि करता रहा है। लेकिन इस बार चौंकाने वाली स्थिति यह है कि उसके रक्षा बजट में सात फीसदी से अधिक की वृद्धि की गई है। वह भी ऐसे समय में जब उसकी अर्थव्यवस्था की रफ्तार कोरोना संकट के दौर में मंथर गति से आगे बढ़ी है। वर्तमान में चीन की विकास दर 5.5 फीसदी दर्ज की गई है। यह विकास दर पिछले तीन दशक में सबसे कम है। इसके बावजूद उसके द्वारा रक्षा बजट में सात फीसदी से अधिक की वृद्धि करना उसके खतरनाक मंसूबों को ही उजागर करता है, जो कहीं न कहीं उसके साम्राज्यवादी इरादों को पुष्ट करता है। बहुत संभव है कि कल वह यूक्रेन की तरह ताइवान व हांगकांग को पूर्ण रूप से देश का हिस्सा बनाने को रूस जैसे हथकंडे अपनाये। निस्संदेह, विकास दर के कम होने के बावजूद रक्षा खर्च में अधिक वृद्धि बताती है कि चीन की प्राथमिकताएं क्या हैं। इस कदम ने अंतर्राष्ट्रीय जनमानस की चिंताओं को बढ़ाया है। यही वजह है कि पिछले कुछ समय से अमेरिका चीन के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाये हुए है। उसे इस बात का बखूबी अंदाजा है कि कोरोना संकट के बावजूद मजबूत आर्थिक स्थिति में खड़ा चीन अपने साम्राज्यवादी मंसूबों को सिरे चढ़ाने का प्रयास करेगा। यूक्रेन संकट में रूस के साथ खड़ा चीन, अमेरिका समेत पश्चिमी जगत की चिंताओं को बढ़ा रहा है क्योंकि विश्व में शक्ति का नया ध्रुव बन रहा है। कोरोना काल के बाद उपजे परिदृश्य में चीन के रक्षा बजट में वृद्धि भारत की गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। दरअसल, चीन की इस तैयारी से हमारी वह चिंता और बढ़ जाती है, जो पिछले दो साल से एलएसी पर बनी हुई है। चौदह दौर की सैन्य कमांडर स्तर की वार्ता के बाद समस्या का निर्णायक समाधान नहीं निकला है। वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब लगते इलाकों में उसका सैन्य मकसद से स्थायी निर्माण करना और भारी-भरकम हथियारों के साथ बड़ी संख्या में सैन्य बलों की तैनाती हमारी गंभीर फिक्र का विषय होना चाहिए। हालांकि, भारत ने इस इलाके में सडक़ों, सुरंगों व नये पुलों के निर्माण के जरिये इस चुनौती का मुकाबला करने का प्रयास किया, लेकिन इस दिशा में बहुत कुछ करना बाकी है। हाल ही के दिनों में चीन के रुख में कोई बदलाव नजर नहीं आया। रूस-यूक्रेन संकट के बीच भारत का रूस के साथ सामंजस्य इसी रणनीति का हिस्सा है कि यदि कहीं चीन से टकराव हो तो रूस भारत के साथ नजर आये। विगत में भी एक आजमाये दोस्त के रूप में रूस संकट के मौकों पर भारत के साथ खड़ा रहा है। लगता है चीन की यह तैयारी युद्ध की रणनीति का ही हिस्सा है। वह आधुनिकीकरण के क्रम में बड़े पैमाने पर लड़ाकू जहाज व पनडुब्बियां बना रहा है। चिंता की बात यह भी है कि चीन का रक्षा बजट भारत के रक्षा बजट का तीन गुना अधिक है, जिसका उपयोग वह उन्नत युद्ध तकनीकों के शोध व अनुसंधान पर करता है। जबकि भारतीय रक्षा बजट का साठ फीसदी हिस्सा सैन्य कर्मियों के वेतन-पेंशन आदि पर व्यय होता है। चीन का यह खर्च भारत के मुकाबले आधा ही है। अपनी रक्षा तैयारियों के बूते ही चीन आज वास्तविक नियंत्रण रेखा और हिंद प्रशांत क्षेत्र में लगातार आक्रामकता दिखा रहा है। ऐसे में एलएसी के विवादों के निपटारे के लिये भारत को कूटनीतिक विकल्प भी खुले रखने चाहिए क्योंकि दोनों देशों के संबंध अब तक के खराब दौर से गुजर रहे हैं।

# रूस पर लगी प्रतिबंधों की झड़ी, कोका-कोला, पेप्सिको से लेकर स्टारबक्स ने बंद किया कारोबार



**न्यूयॉर्क।** कोका-कोला और पेप्सिको रूस में कारोबार को सस्पेंड कर दिए हैं। कोल्ड ड्रिंक दिग्गजों ने मंगलवार को घोषणा की है। दोनों कंपनियों ने यूक्रेन पर हमले को लेकर पश्चिम देशों के साथ एकजुटता दिखाते हुए रूस को दंडित करने की प्रक्रिया में यह कदम उठाया है। दरअसल, अपने पड़ोसी देश पर रूस के हमले ने अभूतपूर्व प्रतिबंध और अंतरराष्ट्रीय निंदा झेलना पड़ रहा है। मैकडॉनल्ड्स' के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) क्रिस केम्पचिंस्की ने कर्मचारियों को भेजे एक पत्र में कहा, ''हमारे सिद्धांतों के अनुसार, हम यूक्रेन में लोगों को हो रही अनावश्यक पीड़ा को नजरअंदाज नहीं कर सकते।'' शिकागो स्थित 'बर्गर' की दिग्गज कम्पनी ने कहा कि वह अस्थायी रूप से 850 स्टोर बंद कर देगी, लेकिन रूस में अपने 62,000 कर्मचारियों को भुगतान करना जारी रखेगी, जिन्होंने ''हमारे मैकडॉनल्ड्स ब्रांड के लिए अपना खून-पसीना लगाया है।''

केम्पचिंस्की ने पत्र में कहा, ''हमारे जैसे वैश्विक ब्रांड के लिए स्थिति बेहद चुनौतीपूर्ण है और चीजों पर विचार करना जरूरी है।'' 'स्टारबक्स' ने भी गत शुक्रवार कहा था कि वह अपने 130 रूसी स्टोर से होने वाले लाभ को यूक्रेन में मानवीय राहत प्रयासों के लिए दान कर रहा है। वहीं, 'कोका-कोला' ने भी रूस में अपने कारोबार को निलंबित करने की घोषणा की है, लेकिन इस संबंध में अधिक जानकारी मुहैया नहीं कराई।


'कोक' की साझेदार, स्विट्जरलैंड स्थित 'कोका-कोला हेलेनिक बॉटलिंग कम्पनी' के पास रूस में 10 बॉटलिंग प्लांट हैं, जो इसका सबसे बड़ा बाजार है। 'कोका-कोला हेलेनिक बॉटलिंग कम्पनी' में 'कोक' की 21 फीसदी हिस्सेदारी है।

'पेप्सिको' और 'जनरल इलेक्ट्रिक' ने भी रूस में अपना कारोबार आंशिक रूप से बंद करने की घोषणा की है। 'पेप्सिको' ने कहा कि वह रूस में अपने पेय पदार्थ की बिक्री बंद करेगा। वह, वहां हर प्रकार केक पूंजी निवेश और प्रचार गतिविधियों को भी निलंबित करेगा। हालांकि, कम्पनी ने कहा कि वह अपने 20,000 रूसी कर्मचारियों और 40,000 रूसी कृषि श्रमिकों का समर्थन जारी रखने के लिए दूध, बेबी फॉर्मूला और बेबी फूड का उत्पादन जारी रखेगी।

'जनरल इलेक्ट्रिक' ने भी एक ट्वीट में बताया कि वह रूस में अपना कारोबार आंशिक रूप से निलंबित कर रहा है। कम्पनी ने कहा कि रूस में मौजूदा बिजली सेवाओं के लिए आवश्यक सामान और चिकित्सा उपकरण संबंधी सेवाएं जारी रहेंगी।

इससे पहले, 'केएफसी' और 'पिज्जा हट' की मूल कम्पनी 'यम ब्रांड्स' ने मंगलवार देर रात कहा था कि उसने रूस में कम्पनी के स्वामित्व वाले 70 'केएफसी' रेस्तरां को अस्थायी रूप से बंद करने की योजना बनाई है। साथ ही, वह रूस में सभी 50 'पिज्जा हट' रेस्तरां को बंद करने के लिए एक फ्रेंचाइजी के साथ बातचीत कर रहे हैं।

# बजट युवाओं का तकनीकी कौशल, उद्यमशीलता बढ़ाने वाला : सीतारमण




**बेंगलूरू ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट 2022-23 में देश के युवाओं की क्षमता को मान्यता दी गयी है और उसमें उनके तकनीकी कौशल तथा उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने के कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा, 'हमारी स्वतंत्रा का यह 75वां वर्ष है। अगले 25 वर्ष भारत के विकास के लिए बड़े महत्व के हैं; इस लिए हमने सोचा कि इस बार का बजट युवाओं की सशक्ति और उनकी उद्यमशीलता को बढ़ावा देने वाला हो।'श्रीमती सीतारमण बेंगलुरु में इंडियन ग्लोबल फॉर्म की एक बैठक को संबोधित कर रही थीं। इसका विषय था भारत के वैश्विक भविष्य का वित्त पोषण।


उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के बावजूद भारत में दो साल में 45 नए यूनिकॉर्न खड़े हुए। उन्होंने इसे युवाओं और नए विचारों की शक्ति बताया। यूनिकॉर्न वे कंपनियां होती हैं जो नए विचारों के साथ स्थापित होकर कम से कम एक अरब डॉलर की हैसियत हासिल कर लेती हैं। इस बैठक के दौरान श्रोताओं के सवालों का जवाब देते हुए, उन्होंने कहा कि क्रिप्टो संपत्तियों के बारे में परामर्श किया जा रहा है। उन्होंने उद्योग जगत को इस प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

उन्होंने कहा कि इस बार के बजट में इस बात पर ध्यान दिया गया है कि जनसुविधाएं प्रौद्योगिकी के माध्यम से संचालित की जाएं और देश में लोगों के लिए कारोबार और रोजगार के अवसर बढ़ें। वित्त मंत्री ने खुशी जाहिर की कि आज देश में आम नागरिक डिजिटल बैंकिंग और क्यूआर कोड को खुद अपना रहा है। अर्थव्यवस्था डिजिटलीकरण की दिशा में यह महत्वपूर्ण प्रगति है। उन्होंने कहा कि डिजिटल बैंकिंग के चलते ही सरकार के लिए लॉकडाउन के समय लोगों को सीधे उनके खातों में मदद पहुंचाना संभव हो सका।

# आईनॉक्सएपी सेल के बोकारो संयंत्र में लगाएगी दूसरा ऑक्सीजन संयंत्र

**मुंबई।** मेडिकल और औद्योगिक ऑक्सीजन बनाने वाली कंपनी आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स (आईनॉक्सएपी) ने कहा कि वह सरकारी क्षेत्र के इस्पात उपक्रम सेल के बोकारो इस्पात संयंत्र में 2150 टन प्रतिदिन की क्षमता का ऑक्सीजन सयंत्र लगाएगी। कंपनी के अनुसार यह उसका किसी नए ऑक्सीजन संयंत्र में सबसे बड़ा निवेश होगा और इसके साथ बोकारो में उसके दो ऑक्सीजन संयंत्र हो जाएंगे। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वह झारखंड में स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया(सेल) के बोकारो संयंत्र में अपनी दूसरी क्रायोजैनिक एयर सेपरेशन यूनिट (एएसयू) स्थापित करने जा रही है। इसपर 750 करोड़ रुपए का निवेश होने का अनुमान है। कंपनी ने कहा है कि यह उसका भारत में सबसे बड़ा नया ऑक्सीजन संयंत्र होगा। इससे हर रोज 2150 टन ऑक्सीजन पैदा की जाएगी। इसमें 2000 टन गैस के रूप में और 150 टन तरल ऑक्सीजन होगी। इसके अलावा संयंत्र से 1200 टन नाइट्रोजन गैस और 100 टन अरगॉन की भी प्राप्ति होगी।

# नीता अंबानी ने महिलाओं के लिए 'हर-सर्कल' हिंदी में किया लॉन्च



**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रिलायंस फाउंडेशन की अध्यक्ष नीता अंबानी ने आज हर-सर्कल के हिंदी ऐप को लॉन्च किया। हर-सर्कल महिलाओं के लिए एक खास प्लटफॉर्म है, जो महिला सशक्तिकरण के लिए काम करता है।एक वर्ष पूर्व लॉन्च किए गए इस प्लेटफॉर्म ने पहले ही वर्ष में 4 करोड़ 20 लाख से अधिक लोगों तक अपनी पहुंच बनाई है। यह भारत में महिलाओं के बीच सबसे तेजी से बढ़ता डिजिटल प्लेटफॉर्म है। हर-सर्कल हिंदी ऐप के लॉन्च के मौके पर नीता अंबानी ने कहा किसी भी क्षेत्र और भाषा की महिलाओं के लिए हर-सर्कल एक उभरता हुआ प्लेटफॉर्म है। मैं चाहती हूं कि हमारी पहुंच और समर्थन बिना रूकावट के बढ़ता रहें। अधिक से अधिक महिलाओं तक उनकी भाषा में पहुंचने के लिए, हम सबसे पहले हर सर्कल को हिंदी में लॉन्च कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि इसे उतना ही प्यार मिलेगा, जितना अब तक अंग्रेजी प्लेटफॉर्म को मिला है।

इसको लेकर जारी बयान में कहा गया है कि हर-सर्कल ने डिजिटल नेटवर्क का उपयोग कर हजारों महिलाओं के लिए सटीक करियर और रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। इस पर पेशेवर मेकअप आर्टिस्ट, फ़ूड स्टाइलिस्ट, फ़िटनेस ट्रेनर, डॉग ट्रेनर, रेडियो जॉकी जैसे करियर के बारे में बेहतरीन जानकारियां उपलब्ध हैं। हर-सर्कल नेटवर्क को 30,000 पंजीकृत उद्यमियों का समर्थन भी हासिल है।

हर-सर्कल को महिलाओं से संबंधित सामग्री प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में डिज़ाइन किया गया है। नेटवर्क से जुड़ी महिलाएं सर एचएन रिलायंस अस्पताल के चिकित्सा और विशेषज्ञों के नेटवर्क पर मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक फिटनेस, त्वचा की देखभाल, स्त्री रोग संबंधी परामर्श ले सकती हैं।

# नाथन लियोन के नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड, टेस्ट क्रिकेट में खाए सबसे ज्यादा छक्के

**नई दिल्ली।** क्रिकेट के मैदान पर जब भी कोई रिकॉर्ड बनता है तो खिलाडिय़ों की तारीफों में पुल बांधे जाते हैं, मगर कुछ रिकॉर्ड शर्मसार कर देने वाले होते हैं। ऐसा ही एक रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर नाथन लियोन के नाम दर्ज हो गया है। वह टेस्ट क्रिकेट में 250 छक्के खाने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। यह शर्मनाक रिकॉर्ड उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में खेले गए पहले टेस्ट में अपने नाम किया। लियोन ने रवालपिंडी टेस्ट में 78 ओवर गेंदबाजी की और इस दौरान उन्होंने 236 रन खर्च करते हुए मात्र एक ही विकेट लिया। पाकिस्तान की दूसरी पारी के 42वें ओवर के दौरान इमाम उल हक ने लियोन की गेंद पर लॉन्ग ऑन की दिशा में शानदार छक्का लगाया और इसी के साथ यह ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज टेस्ट क्रिकेट में 250 छक्के खाने वाला पहला गेंदबाज बना। बात मुकाबले की करें तो रोड़ की तरह सपाट इस पिच पर 5 दिन में कुल 1187 रन बने और मात्र 14 ही विकेट गिरे। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को यहां खूब मेहनत करनी पड़ी। दोनों पारियों में मिलाकर कंगारू गेंदबाजों ने 239 ओवर डाले और महज उन्हें 4 ही विकेट मिले। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी 4 विकेट के नुकसान पर 476 रनों पर घोषित कर दी।

# वुमेन वर्ल्ड कप के इतिहास में वेस्टइंडीज ने पहली बार इंग्लैंड को हराया



**नई दिल्ली।** वुमेन वल्र्ड कप 2022 का 7वां लीग मैच डुनेडिन में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज की टीम के बीच खेला गया। इस मैच में वेस्टइंडीज की महिला टीम को शानदार जीत मिली। कैरेबियाई टीम ने इंग्लैंड की टीम को 7 रन से हराया है। इंग्लैंड की महिला टीम की इस वर्ल्ड कप में ये लगातार दूसरी हार है, जबकि वेस्टइंडीज की टीम ने वुमेंस वर्ल्ड कप 2022 में अपना लगातार दूसरा मैच जीतने में सफलता हासिल की है। वेस्टइंडीज की वुमेंस वर्ल्ड कप के इतिहास में इंग्लैंड के खिलाफ ये पहली जीत है। इससे पहले खेले गए चार मैचों में कैरेबियाई टीम को हार ही मिली थी। इस मुकाबले की बात करें तो वेस्टइंडीज की महिला टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी। कैरेबियाई टीम को अच्छी शुरुआत मिली थी, क्योंकि टीम को पहला झटका 84 रन के कुल स्कोर पर लगा था। हालांकि, इसके बाद टीम के चार विकेट 98 रन पर गिर चुके थे। इसके बाद फिर से टीम के लिए एक बड़ी साझेदारी हुई और वेस्टइंडीज की टीम ने निर्धारित 50 ओवर में 6 विकेट खोकर 225 रन बनाए।

वेस्टइंडीज के लिए 80 गेंदों में 66 रन की पारी विकेटकीपर बल्लेबाज शैमीन कैंपबेले ने खेली, जबकि 49 रन बनाकर चीडीन नेशन नाबाद रहीं। 45 रन ओपनर हीली मैथ्यूज ने बनाए और डीनड्रा डोटिन 31 रन बनाकर आउट हुई। इंग्लैंड की तरफ से 3 विकेट सोफी एक्लेस्टोन को मिले, जबकि एक विकेट नैताली स्कीवर को मिला। उधर, 226 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम को अच्छी शुरुआत मिली थी, लेकिन इसके बाद अंतराल पर विकेट गिरते चले और टीम के हाथ से मैच फिसलता चला गया। एक समय ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड की टीम पलटवार कर सकती है, लेकिन कैरेबियाई टीम ने दमदार खेल दिखाया और वुमेंस वर्ल्ड कप में लगातार दूसरा मैच रोमांचक अंदाज में जीता। इंग्लैंड ने 47.4 ओवर खेलकर 218 रन के स्कोर पर अपने सभी विकेट खो दिए और मैच 7 रन से गंवा दिया।

# 13 मई को रिलीज होगी रणवीर सिंह की फिल्म जयेशभाई जोरदार



बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की अगली फिल्म जयेशभाई जोरदार 13 मई को रिलीज होने के लिए बिल्कुल तैयार है। यह फिल्म पहले फरवरी में रिलीज होने वाली थी। हालाँकि, ओमिक्रॉन के प्रकोप के कारण रिलीज को आगे बढ़ा दिया गया था। रणवीर बताते हैं कि लोग जयेशभाई के किरदार से क्या उम्मीद कर सकते हैं।

वे कहते हैं कि जयेश बड़ा नायक नहीं है, लेकिन कहानी के दौरान वह साहसिक काम करता है। यही वह चीज है जिससे मैं आकर्षित हुआ। वह एक नायक के रूप में विकसित होता है। वह बहुत ही अपरंपरागत टाइप का सुपरहीरो हैं।

रणवीर जयेशभाई जोरदार के निर्देशक दिव्यांग ठक्कर की तारीफ करते है। उन्हें लगता है कि यह भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे प्यारी फिल्मों में से एक होगी।

रणवीर कहते हैं कि मेरे गुरु आदित्य चोपड़ा ने एक दिन मुझे फोन किया और उन्होंने कहा कि मुझे एक चमत्कारिक स्क्रिप्ट मिली है और मैं चाहूंगा कि आप इसे सुनें। मैं नरेशन के लिए गया। दिव्यांग ठक्कर जिन्होंने पहले कभी कुछ निर्देशित नहीं किया, उन्होंने मुझे कहानी सुनाई। मैं एक ही समय में हंस और रो रहा था। मेरे पास टेबल पर एक टिशू बॉक्स रखा था जो कि कथन के अंत तक खत्म हो गया था।

मैंने इस फिल्म के लिए तुरंत हां कह दिया। इस फिल्म का दिल लेखक-निर्देशक दिव्यांग ठक्कर हैं।

# सलमान खान के साथ फिर काम करने को तैयार संजय लीला भंसाली



बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी देने वाले निर्देशक संजय लीला भंसाली एक बार फिर से सलमान खान के साथ काम करने को तैयार हैं। निर्देशक और अभिनेता के बीच कथित तौर पर तब विवाद हुआ जब वे फिल्म इंशाअल्लाह के लिए एक साथ आए थे, जो अंतत: ठंडे बस्ते में चली गयी। फिल्म निर्माता निर्देशक संजय लीला भंसाली और अभिनेता सलमान खान ने मिलकर दो हिट फिल्में खामोशी और हम दिल दे चुके सनम दी हैं। दोनों ने इंशाअल्लाह नाम की फिल्म के लिए तीसरी बार साथ आने का फैसला किया था। हालांकि, कुछ मुद्दों पर दोनों के बीच कथित तौर पर असहमति के बाद फिल्म को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज माता-पिता की मदद मिलने से आपका कोई खास काम पूरा होगा। आपकी सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए।

***वृष :*** आज परिवारवालों की सलाह आपके लिये फायदेमंद होगी। आज आपका कोई खास दोस्त आपसे मिलने आएगा, आप उनसे मिलकर प्रसन्न होंगे। आपकी भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी।

***मिथुन :*** आज ऑफिस में आपके ड्रेस की तारीफ होगी। इस राशि के कॉमर्स स्टूडेंट्स को अपने साथियों से सहयोग प्राप्त होगा। किसी विषय में आ रही समस्या आसानी से सॉल्व हो जायेगी।

***कर्क :*** आज कोई शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आ सकता है। आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर लोगों के सामने आयेगी। आपकी आर्थिक स्थिति में बढ़ोतरी होगी।

***सिंह :*** आज रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा। आपके अधूरे काम आसानी से पूरे होंगे। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ होगा। सामाजिक कार्यों में आप आगे रहेंगे। व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करने से आपको लाभ की प्राप्ति होगी।

***कन्या :*** आज संतान सुख मिलने के योग बन रहे हैं। सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। मन-मुताबिक काम पूरे होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

***तुला :*** आज आप अपने भविष्य के बारे में सोच-विचार करेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आपके रिश्तें बेहतर होंगे। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यस्थल पर लोगों का सहयोग मिलने से आपका कार्य समय से पूरा हो जाएंगे।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपकी मुलाकात किसी अनुभवी व्यक्ति से होगी जो आपके व्यापार को बढ़ाने में मदद करेगा। आपके सोचे हुए कार्य पूरे होंगे जिससे आपका मन खुश रहेगा।

***धनु :*** आज रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। बच्चों के किसी फैसले को लेकर आप असहमत हो सकते हैं। इस राशि के विद्यार्थियों को आज शिक्षक की तरफ से विशेष मार्गदर्शन मिलेगा जिससे आपका भविष्य उज्जवल बनेगा।

***मकर :*** आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। कार्यस्थल पर सहकर्मियों से कार्यों में मदद मिलने से आपको ख़ुशी होगी। आज आपको किसी से भी बिना वजह उलझने से बचना चाहिए। परिवारवालों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे।

***कुंभ :*** आज आप किसी नए काम की प्लानिंग करेंगे। आपकी प्लानिंग सफल भी होगी। आज परिवारवालों के साथ आप खुशनुमा पल बितायेंगे। इससे रिश्तों में नजदीकियां बढ़ेंगी। पुराने दोस्तों से मुलाकात होने की संभावना है।

***मीन :*** आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। इस राशि के नौकरीपेशा लोगों को साथ काम करने वालों से मदद मिलेगी। उनका काम जल्दी पूरा होगा। जीवनसाथी के साथ किसी तीर्थ स्थल की यात्रा करेंगे इस राशि के छात्रों का पढ़ाई में मन लगेगा।

# बैंगन को बनाएं स्वादिस्ट व मजेदार



## सामग्री :

**अचार मसाले के लिए-** सरसों- 1 टीस्पून, साबुत धनिया- 2 टीस्पून, सौंफ- 1 टीस्पून, कलौंजी- 1/2 टीस्पून, जीरा- 1 टीस्पून, काली मिर्च- 1/2 टीस्पून, मेथी- 1/4 टीस्पून, सूखे लाल मिर्च- 2

**करी के लिए-** तेल- 2 टेबलस्पून, बैंगन- 2 कटे हुए, आलू- 2 कटे हुए, तेल- 2 टेबस्पून, तेजपत्ता- 2, जीरा- 1 टीस्पून, दालचीनी- 1 इंच, इलायची- 2, हींग- चुटकीभर, प्याज- 1 बारीक कटा, अदरक-लहसुन पेस्ट- 1 टीस्पून, हल्दी पाउडर- 1/2 टीस्पून, मिर्च पाउडर- 1 टीस्पून, नमक- स्वादानुसार, टमाटर- 2 बारीक कटा, पानी- 1 कप, धनिया पत्ती बारीक कटी- 2 टेबलस्पून, कसूरी मेथी- 1 टीस्पून

## विधि :

- सबसे पहले कड़ाही में सरसों, साबुत धनिया, सौंफ, कलौंजी, जीरा, साबुत लाल मिर्च और मेथी डालकर धीमी आंच पर सुगंध आने तक भून लें। इसके बाद इसे ठंडा कर मिक्सी में पीसकर बारीक पाउडर बना लें। अब कड़ाही में तेल डालें और बैंगन को थोड़ा फ्राई कर लें। कलर बदलने लगे तो बहुत थोड़ा सा नमक डालें। इसके बाद उसी तेल में आलू को भी हल्का फ्राई कर निकाल लें। फिर इसमें तेल, तेजपत्ता, जीरा, दालचीनी, इलायची, चुटकीभर हींग डालकर तड़काएं। इसके बाद प्याज को सुनहरा होने तक भूनें। जैसे ही प्याज हो जाए तब इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें। आंच धीमी कर इसमें अचारी मसाला, हल्दी, मिर्च पाउडर, नमक और गरम मसाला भी मिक्स कर लें। इसके बाद बारी है टमाटर डालने की। टमाटर मुलायम हो जाए तब इसमें बैंगन और आलू डाल दें। हल्का सा पानी डालें जिससे सब्जी बहुत सूखी न लगे। ढक्कन लगाकर सब्जी को थोड़ी देर और पकाएंगे। ऊपर से धनिया पत्ती और कसूरी मेथी गॉर्निश करें। रोटी, चावल किसी के भी साथ इसे सर्व किया जा सकता है।


# शब्द सामर्थ्य- 8

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 007 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

# सू-दोकू- 8

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक [illegible] सकते है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.007 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |